Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. द्रास का तापमान शीत ऋतु में कितने अंश तक गिर जाता है?**

(अ) –150° (ब) –30°

(स) –60° (द) –45°

**2. भारत में सबसे ठंडा स्थान कौन-सा है?**

(अ) कुल्लू (ब) मनाली

(स) लेह (द) द्रास

**3. भारत में मानसून का आगमन निम्नलिखित में से कब होता है?**

(अ) जुलाई के प्रारंभ में (ब) मई के प्रारंभ में

(स) जून के प्रारंभ में (द) अगस्त के प्रारंभ में

**4. निम्न में से वह कौन-सा स्थान है जो बढ़ते हुए तथा लौटते हुए मानसून से वर्षा प्राप्त करता है?**

(अ) बंगलूरू (ब) तिरुवनंतपुरम्

(स) चैन्नई (द) दिल्ली

**5. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाला कारक है?**

(अ) समुद्र से दूरी (ब) अक्षांश

(स) ऊँचाई (द) सभी विकल्प सही हैं

**6. बाँस के खंबों पर घर किस राज्य में बनाए जाते हैं?**

(अ) बिहार (ब) मध्य प्रदेश

(स) गुजरात (द) असम

**7. नीचे दिए गए स्थानों में किस स्थान पर विश्व में सबसे अधिक वर्षा होती है?**

(अ) मासिनराम (ब) सिलचर

(स) चेरापूंजी (द) गुवाहटी

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा कारण भारत के उत्तर-पश्चिम भाग में शीत ऋतु में होने वाली वर्षा के लिए उत्तरदायी है?**

(अ) चक्रवातीय अवदाब (ब) पश्चिमी विक्षोभ

(स) मानसून की वापसी (द) ) दक्षिण-पश्चिम मानसून

**9. मालाबार तट पर वर्षा होती है–**

(अ) अरब सागरीय मानसून से (ब) बंगाल की खाड़ी के मानसून से

(स) भूमध्य सागरीय चक्रवातों से (द) उपर्युक्त सभी

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**10. मानसून शब्द की उत्पत्ति मौसिम शब्द से हुई है। यह शब्द किस भाषा का है?**

(अ) फारसी (ब) जर्मन

(स) लैटिन (द) अरबी

## रिक्त स्थान

11. ____________ वे पवनें हैं जो ऋतु परिवर्तन के अनुसार अपनी दिशा परिवर्तन कर लेती हैं।

12. आर्द्रता से लदी पवनों के साथ बादलों का प्रचण्ड गर्जन तथा बिजली का चमकना ______________ कहलाता है।

## सत्य/असत्य

13. जब कोई व्यक्ति पृथ्वी की सतह से ऊँचाई की ओर जाता है तो वायु मंडल की सघनता बढ़ जाती है।

14. मालाबार तट पर वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून पवनों द्वारा होती है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. उत्तरी गोलार्द्ध में व्यापारिक पवनों की दिशा कौन-सी होती है?

16. देश में सबसे अधिक वर्षा किन महीनों में होती है?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. शीत ऋतु की अवस्था एवं उसकी विशेषताएँ बताएँ।

18. मासिनराम में सबसे अधिक वर्षा क्यों होती है?

## निबंधात्मक प्रश्न

19. भारत में होने वाली मानसूनी वर्षा एवं उसकी विशेषताएँ बताएँ।

20. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कौन-कौन से कारक है?

## HOTS

21. मानसून को एक सूत्र में बाँधने वाला क्यों समझा जाता है?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

## उत्तरमाला

**1.** **(द)** –45°

**2.** **(द)** द्रास

**3.** **(स)** जून के प्रारम्भ में

**4.** **(ब)** तिरूवनंतपुरम्

**5.** **(द)** सभी विकल्प सही हैं।

**6.** **(द)** असम

**7.** **(अ)** मासिनराम

**8.** **(ब)** पश्चिमी विक्षेभ

**9.** **(अ)** अरब सागरीय मानसून से

**10.** **(द)**
मौसिम शब्द अरबी भाषा का है जिसका शाब्दिक अर्थ है– मौसम

**11.** मानसून

**12.** बादलों का फटना

**13.** असत्य

**14.** सत्य

**15.** उत्तर-पूर्वी

**16.** जून, जुलाई, अगस्त तथा सितंबर

**17.**

i. भारत में शीत ऋतु मध्य नवंबर में उत्तरी भारत से आरंभ होती है और फरवरी तक रहती है।

ii. सर्दी में मौसम सुहावना होता है। दिन मुख्य रूप से गर्म तथा रातें ठंडी होती है। कभी-कभी रात के तापमान में गिरावट आने के कारण घना कोहरा भी पड़ता है। मैदानी भागों में शीतलहर के प्रभाव के कारण तुषार पड़ता है।

iii. इस ऋतु में आसमान साफ, तापमान और आद्रता कम एवं पवनें शिथिल एवं परिवर्तित होती है।

**18.** **मासिनराम में वर्षा के कारण:-**

i. मासिनराम मेघालय में स्थित हैं, संसार में सबसे अधिक वर्षा यही होती हैं।

ii. यहाँ पर वर्षा बंगाल की खाड़ी से आने वाले मानसून के कारण होती हैं।

iii. मासिनराम में अधिक वर्षा यहां कि भौगोलिक बनावट के कारण होती हैं।

iv. मासिनराम में गारो, खासी एवं जयंतिया की पहाड़ियाँ स्थित हैं।

**19.**

**i.** **वर्षा का समय व मात्रा-** देश की अधिकांश वर्षा मानसूनी पवनों द्वारा गर्मी के मौसम में होती है।

**ii.** **असमान वितरण-** देश में वर्षा का वितरण समान नहीं है।

**iii.** **अनिश्चितता-** मानसून को इसकी अनिश्चितता के कारण जाना जाता है। जब यह एक हिस्से में बाढ़ का कारण बनता है, उसी समय यह किसी दूसरे भाग में अकाल का कारण बन सकता है।

**iv.** **मूसलाधार वर्षा-** मानूसनी वर्षा अत्याधिक मात्रा में और कई-कई दिनों तक लगातार होती है।

**v.** **शुष्क अन्तराल-** कई बार शुरुआत में मानसूनी वर्षा लगातार न होकर कुछ दिन या सप्ताह के अंतराल से होती है।

**vi.** **वर्षा में विराम-** मानसून से संबंधित एक अन्य परिघटना है, 'वर्षा में विराम'। वर्षा में विराम का अर्थ है कि मानसूनी वर्षा एक समय में कुछ दिनों तक ही होती हैं। मानसून में आने वाले ये विराम मानसूनी गर्त की गति से संबंधित होते हैं।

**20.**

- **i.** **अक्षांश-** अक्षांश पर किसी भी देश की स्थिति का प्रभाव जलवायु पर पड़ता है।
- **ii.** **ऊँचाई–** ऊँचाई के बढ़ने पर तापमान में कमी होती जाती है।
- **iii.** **समुद्र से दूरी-** समुद्र से दूर होने पर विषम जलवायु तथा निकट होने पर सम जलवायु होती है।
- **iv.** **महासागरीय धारायें-** समुद्र की ओर से स्थल की ओर आने वाली पवनों के साथ-साथ महासागरीय धाराएँ भी तटीय क्षेत्रों की जलवायु को प्रभावित करती हैं। उदाहरण के लिए, कोई भी तटीय क्षेत्र जहाँ गर्म या ठण्डी जलधाराएँ प्रवाहित होती हैं और वायु की दिशा समुद्र से तट की ओर होती है, तब वह तट गर्म या ठण्डा हो जाएगा।
- **v.** **वायुदाब या पवनें-** किसी क्षेत्र-विशेष को वायुदाब एवं उसकी पवनें उस क्षेत्र की अक्षांशीय स्थिति एवं ऊँचाई पर निर्भर करती हैं। इस प्रकार यह तापमान एवं वर्षण की प्रवृत्ति को भी प्रभावित करता है।

**21.** विभिन्न अंक्षाशों में स्थित होने एवं उच्चावच लक्षणों के कारण भारत की मौसम संबंधी परिस्थितियों में बहुत अधिक भिन्नताएँ पाई जाती हैं। किन्तु ये भिन्नताएँ मानसून के कारण कम हो जाती हैं क्योंकि मानसून पूरे भारत में बहती हैं। संपूर्ण भारतीय भूदृश्य, इसके जीव तथा वनस्पति, इसका कृषि-चक्र, मानव-जीवन तथा उनके त्योहार-उत्सव, सभी इस मानसूनी लय के चारों ओर घूम रहे हैं। सभी भारतवासी प्रत्येक वर्ष मानसून की प्रतीक्षा करते हैं और मानसून के आगमन का पूरे देश में भरपूर स्वागत होता है। भारत में मानसून के आगमन का स्वागत करने के लिए विभिन्न त्योहार मनाए जाते हैं। मानसून झूलसाती गर्मी से राहत प्रदान करती है। मानसून वर्षा कृषि क्रियाकलापों के लिए पानी उपलब्ध कराती है। वायु प्रवाह में ऋतुओं के अनुसार परिवर्तन एवं इससे जुड़ी मौसम संबंधी परिस्थितियाँ ऋतुओं का एक लयबद्ध चक्र उपलब्ध कराती हैं जो पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधती है। ये मानसूनी पवनें हमें जल प्रदान कर कृषि की प्रक्रिया में तेजी लाती हैं एवं संपूर्ण देश को एक सूत्र में बाँधती हैं। नदी घाटियाँ जो इन जलों का संवहन करती हैं, उन्हें भी एक नदी घाटी इकाई का नाम दिया जाता है। भारत के लोगों का संपूर्ण जीवन मानसून के इर्द-गिर्द घूमता है। इसलिए मानसून को एक सूत्र में बांधने वाला समझा जाता है।

100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES